दौरा ▶ केंद्रीय मंत्री ने मां नर्मदा शक्तिपीठ में की पूजा अर्चना, नागरिकों के कल्याण और सुख समृद्धि की कामना की

# देश में देशी से ज्यादा विदेशी मुसलमान : गिरिराज सिंह





**अनूपपुर नवभारत 16 नवंबर।** केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक पहुंचकर मां नर्मदा शक्तिपीठ के गर्भ गृह में पहुंचकर पूजा अर्चन कर देश तथा प्रदेश के नागरिकों के कल्याण और सुख समृद्धि की कामना की।

पूजन के पश्चात केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'मां नर्मदा विश्व कल्याण की अधिष्ठात्री शक्ति हैं, उनकी कृपा ही देश को ऊर्जा और स्थिरता प्रदान करती है। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट, राहुल पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि,पुजारी, एवं प्रशासनिक अधिकारी, आमजन उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने दो दिवसीय प्रवास पर रविवार को अमरकंटक पहुंचे, जहां आयोजित बैठक में उन्होंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से 2000 लोगों को रोजगार से जोड़ने की योजना की जानकारी दी। मंत्री ने यहां गोंड आर्ट से बनी चित्रकला का अवलोकन भी किया।

### अवैध घुसपैठ चिंता का विषय

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में अवैध घुसपैठ की स्थिति चिंता का विषय है और इसपर गंभीरता से जांच की जरूरत है। अमरकंटक में मुस्लिम आबादी बढ़ने को लेकर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि मैं अमरकंटक लगभग 25 सालों से आ रहा हूं। जब मैं पहली बार 1998 में आया था, तब यहां एक भी मुस्लिम परिवार नहीं था। अब यह अचानक कैसे बढ़ गए।' उन्होंने कलेक्टर से बाहरी लोगों की जांच करने की मांग की।

### विदेशी मुसलमानों को संरक्षण नहीं दें

उन्होंने बिहार में अपनी 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' का जिक्र करते हुए बताया कि वहां एक जिले में 'देशी मुसलमान' से ज्यादा 'विदेशी मुसलमान' हो गए हैं, खासकर बिहार के पूर्वांचल में। गिरिराज सिंह ने देशी मुसलमानों से निवेदन किया कि वे विदेशी मुसलमानों को संरक्षण नहीं दें, क्योंकि उनके कारण ही इन्हें चिह्नित करने में दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये घुसपैठिए पहले बच्चों का रोजगार छीनते हैं, संसाधनों का उपयोग करते हैं, फिर देश के खिलाफ आंदोलन करते हैं और पाकिस्तान की मदद करते हैं।

## स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार से जोड़े



अमरकंटक में रविवार को आयोजित बैठक को केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह संबोधित करते हुए कहा कि अमरकंटक एवं पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर का बाजार उपलब्ध कराने हेतु ठोस प्रयास किए जाएं। यहां की गोड़ी चित्रकला, लकड़ी से बनी काष्ठ शिल्प कलाओं और अन्य स्थानीय हस्तशिल्पों को और अधिक प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

**पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा**-उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वह आपसी समन्वय के साथ इस दिशा में कार्य करें, जिससे क्षेत्रीय कलाकारों और उत्पादकों को व्यापक मंच मिल सके। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि केंद्रीय सिल्क बोर्ड और आत्मा गवर्निंग बोर्ड के माध्यम से अमरकंटक में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एक प्रशिक्षण केंद्र (ट्रेनिंग सेंटर) स्थापित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे।

**2000 लोगों को मिलेगा रोजगार**-उन्होंने कहा कि यह केंद्र भारत सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से खोला जाएगा और इससे लगभग 2000 लोगों को रोजगार मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने स्थानीय कलाकारों को नर्मदापुरम के रेशम केंद्र का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों की जानकारी लेने के निर्देश भी दिए, ताकि अमरकंटक क्षेत्र में रेशम उद्योग, हैंडलूम और रेशम क्राफ्ट को स्थानीय स्तर पर और अधिक विकसित किया जा सके। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि अमरकंटक क्षेत्र में हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट की बड़ी भूमिका है तथा यहां रोजगार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

# खेलों से बढ़ता है आत्मविश्वास : स्वामी रामभूषण





▶ अमरकंटक क्रीड़ा परिसर में अस्मिता महिला एथलेटिक्स लीग का शुभारंभ

**अमरकंटक नवभारत 16 नवंबर।** शनिवार को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अस्मिता महिला एथलेटिक्स लीग का शुभारंभ पीएम श्री हायर सेकंडरी स्कूल के क्रीड़ा परिसर में किया गया। जिला एथलेटिक्स विकास संघ अनूपपुर द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता बालिकाओं की प्रतिभा को संवर्धित करने और जिले में खेल विकास को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। प्रतियोगिता का शांति कुटी आश्रम अमरकंटक के श्रीमहंत स्वामी रामभूषण दास महाराज ने दीप प्रज्वलन एवं आशीर्वाद के साथ शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बालिकाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देते हैं तथा उन्हें भविष्य में बड़े स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्रदान करते हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में विशेष रूप से एसडीओ फॉरेस्ट लाल प्रभाकर सिंह, पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक की प्राचार्या अनुजा मिश्रा ,ऑल इंडिया पर्यवेक्षक, जिला एथलेटिक्स संगठन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर से भगवानदास मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार अमरकंटक श्रवण कुमार उपाध्याय,माइनिंग इंजीनियर राकेश बरखे, बी.एन.ओझा, बादल राय ,परमजीत, दीपक पांडेय आदि की उपस्थित रहीं।

### दो आयु वर्गों की स्पर्धा आयोजित

प्रतियोगिता में 14 वर्ष एवं 16 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाएं भाग ले रही हैं। 14 वर्ष आयु वर्ग में ट्रायथलॉन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 60 मीटर दौड़ + ऊंची कूद + लंबी कूद, 60 मीटर दौड़ + लंबी कूद + बैक थ्रो एवं 60 मीटर दौड़ + लंबी कूद का आयोजन किया गया। 16 वर्ष आयु वर्ग में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, 600 मीटर दौड़, हाई जंप, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट, जैवलिन थ्रो स्पर्धा आयोजित की गई।

## बाल दिवस पर फल व खाद्य सामग्री वितरित

**बिजुरी नवभारत 16 नवंबर।** श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा परम आदरणीया शशि दुहन एवं सभी उपाध्यक्ष के मार्गदर्शन से प्रेरित होकर समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए जागृति महिला समिति, हसदेव क्षेत्र द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिजुरी में बाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत ठंड को ध्यान में रखते हुए 50 विद्यार्थियों को स्वेटर, 90 फूड पैकेट एवं फलों का वितरण किया गया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दीं,जिससे कार्यक्रम अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं आनंदमय रहा। यह कल्याणकारी कार्य जागृति महिला समिति की अध्यक्षा विनीता शर्मा एवं समिति की सभी सदस्याओं के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# सड़क हादसे में 1 की मौत, एक घायल

सड़क में गड्ढे के कारण मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर दीवार में जा घुसी



**कोतमा नवभारत 16 नवंबर।** बुरहानपुर के पिपरिया गांव तिराहे के पास 15 नवंबर की रात 9 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में बुरहानपुर निवासी 32 वर्षीय ऋषभ सोनी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 40 वर्षीय भीमसेन चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार ऋषभ सोनी प्लैटिना मोटरसाईकिल से बुरहानपुर से केशवाही की ओर जा रहे थे। पिपरिया गांव तिराहे के पास सड़क में गड्ढा होने के कारण उनकी मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर एक दीवार में जा घुसी। इस हादसे में ऋषभ सोनी की मौत हो गई और भीमसेन चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए।

### घायल को जिला अस्पताल रेफर किया

घटना की सूचना मिलते ही तत्काल परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं गंभीर रूप से घायल चौधरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कोतमा नवभारत 16 नवंबर। कोतमा वार्ड क्रमांक 07 के आईटीआई परिसर के पीछे सोमवार को एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दुर्गा पनिका निवासी कोतमा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार 15 नवंबर की शाम 5 बजे स्थानीय लोगों ने पेड़ पर लटके युवक को देखा, जिसके बाद मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, हालांकि घटना के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

### पुलिस ने जांच शुरू की

स्थानीय लोगों ने युवक के अचानक इस तरह जीवन समाप्त कर लेने पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। पुलिस ने बताया कि परिवारजनों एवं परिचितों से पूछताछ की जा रही है ताकि युवक के इस कदम को उठाने के पीछे की परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मोबाइल चुराया, फोन पे से निकाले एक लाख रुपए



▶ शहडोल में पकड़ा गया अरोपी, पिन बदलकर की साईबर धोखाधड़ी

**अनूपपुर नवभारत 16 नवंबर।** जिले की बिजुरी पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी और मोबाइल चोरी के एक आरोपी को रविवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक व्यक्ति के बैंक खाते से लगभग 1 लाख रुपए निकाल लिए थे। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किया गया मोबाइल फोन, धोखाधड़ी के पैसे से खरीदा गया एक नया मोबाइल और 62,000 रुपए जब्त कर लिए हैं।

बिजुरी थाने में 55 वर्षीय पन्नालाल नाई निवासी माइनस कॉलोनी, बिजुरी ने शिकायत की थी कि 14 नवंबर को किसी ने उनका मोबाइल फोन चुरा लिया और उसने फोन पे का पासवर्ड बदलकर सेंट्रल बैंक खाते से लगभग 1 लाख रुपए निकाल लिए। फरियादी ने इसकी शिकायत 1930 साइबर हेल्पलाइन पर भी की थी।

### संदिग्ध लेनदेन की जानकारी तुरंत मिली

ऑनलाइन शिकायत के कारण जांच के दौरान फरियादी के बैंक खाते से हुए सभी संदिग्ध लेनदेन की जानकारी तुरंत मिल गई। पता चला कि ये सभी लेनदेन शहडोल जिले में हुए थे। पुलिस शहडोल भेज कर खाताधारकों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद अमलाई निवासी सूर्या उर्फ गणेश सोनी की पहचान हुई। पुलिस ने उसे अमलाई से पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### मोबाइल में कोई लॉक नहीं था

आरोपी ने पुलिस को बताया कि चोरी किए गए मोबाइल में कोई लॉक नहीं था। मोबाइल की फोटो गैलरी में फरियादी के आधार कार्ड की तस्वीर मौजूद थी। आरोपी ने इसी आधार कार्ड का उपयोग करके फोन पे का पिन रीसेट किया और फिर फोन पे के माध्यम से फरियादी के खाते से सारी रकम निकाल ली। पुलिस के अनुसार, आरोपी सूर्या उर्फ गणेश सोनी एक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ शहडोल जिले और जीआरपी थाना शहडोल में चोरी के सात से अधिक मामले दर्ज हैं।

## उप सरपंच अजय चौकसे की सड़क हादसे में मौत

**अनूपपुर,नवभारत 16 नवंबर।**



जिले के पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत इटौर के उपसरपंच अजय चौकसे की सड़क हादसे में मौत हो गई है। बताया गया है कि वे अपनी बाइक से डिंडोरी मुख्यालय जा रहे थे, तभी अनूपपुर और डिंडोरी सीमा के बीच ग्राम दूधी के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए। रविवार को शव का पीएम डिंडोरी मुख्यालय पर हुआ। घटना की जांच करणपठार (बेनीबारी) पुलिस कर रही हैं। इस घटना से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार घोघरी ग्राम के स्थानीय मुक्ति धाम में हिंदू रीति रिवाज के साथ किया गया।

# बिरसा मुंडा के त्याग को किया गया याद



▶ संस्कार केंद्र व जनजातीय छात्रावास में मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा जयंती

**अमरकंटक नवभारत 16 नवंबर।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सरस्वती विद्यालय के संस्कार केंद्र एवं जनजाति छात्रावास अमरकंटक में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों एवं गुरुजनों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके संघर्ष, त्याग और जनहित के लिए किए गए कार्यों को स्मरण किया। कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और बिरसा मुंडा के आदर्शों पर प्रेरणादायी विचार भी साझा किए गए। इस अवसर पर विशेष रूप से सरस्वती विद्यालय के प्राचार्य बी के शर्मा, हॉस्टल प्रमुख राम प्रसाद आदि गुरुजन और विद्यार्थी, दीदियां,बच्चियां उपस्थित होकर बड़े हर्षोल्लास के साथ जयंती को मनाया गया।

## फुनगा सेक्टर में कार्यक्रम आयोजित



जनअभियान परिषद के नेतृत्व बिरसा मुंडा जयंती सेक्टर-5 फुनगा के ग्राम पंचायत में मनाई गई। इस दौरान उनकी उपलब्धि और कार्यो के बारे में बता कर लोगों को जागरूक किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनप्रतिनिधि संदीप मंचासीन रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक फत्ते सिंह नवाकुर संस्था-शिव मारुति युवा संगठन के अध्यक्ष ब्रजेश राठौर, उपाध्यक्ष राहुल अग्रहरी, सचिव इशांक केशरवानी, कोषाध्यक्ष प्रथमेश केशरवानी, अंश गुप्ता, प्रदीप सिंह श्याम, राज रौतेल, सपना सिंह पटेल, किरण प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# आरोपों से घिरे सीएचएमओ प्रभार मुक्त

▶ डॉ. आरके वर्मा की जगह अब डॉ. अलका तिवारी होंगी सीएमएचओ



**अनूपपुर नवभारत।** संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा भोपाल के के वरिष्ठ संयुक्त संचालक (विज्ञप्त) लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा डॉ.राजू निदारिया ने 14 नवंबर को प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से डॉ. अल्का तिवारी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय अनूपपुर को तत्काल प्रभाव से अन्य आगामी आदेश तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अनूपपुर के प्रभार में पदस्थ किया गया है।

उदासीन, विवादित व भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे डॉ. आरके वर्मा, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी को तत्काल प्रभाव से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अनूपपुर के प्रभार से मुक्त करते हुए मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुष्पराजगढ़ में पदस्थ कर दिया गया है।

### पदीय दायित्व का नहीं किया पालन

जिले में पदस्थ स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार उदासीन अधिकारी की वजह से जिले की जनता को बेहतर तो दूर काम चलाऊ स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा था। बता दें कि जब से जिले के स्वास्थ्य विभाग की कमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके वर्मा के हाथ में आई थी तब से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर गई थी। इनके ऊपर वित्तीय अनियमितता की भी शिकायत कई बार जिले में चर्चा का विषय बनी रही। इसकी शिकायत समय समय पर उच्चाधिकारियों समेत भोपाल तक भी पहुंची थी, जिसका नतीजा है कि विवादित सीएचएमओ नाप दिये गये।

कार्यक्रम ▶ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

# देश के विकास में जनजातीय समाज का अद्वितीय योगदान : सिदार

**अनूपपुर नवभारत 16 नवंबर।** वैदिक काल से चली आ रही भारत की सांस्कृतिक परंपरा, भारत की स्वतंत्रता और विकास यात्रा में जनजातीय समाज का योगदान अद्वितीय रहा है। भारत को गौरवशाली बनाए रखने के लिए हमारे जनजातीय स्वाधीनता सेनानियों और महापुरुषों ने अपने प्राणों की आहुति दी। आज का यह अवसर उनके त्याग और बलिदान को स्मरण कर उनसे प्रेरणा ग्रहण करने का है। उक्ताशय के विचार शनिवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता क्षसह क्षेत्र प्रचारक प्रेमशंकर सिदार ने व्यक्त किए।



### तिलका मांझी ने संथाल विद्रोह का नेतृत्व किया था

उन्होंने कहा कि तिलका मांझी ने 1771 से 1785 तक ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध संथाल विद्रोह का नेतृत्व किया, जबकि फूलो और झानो बहनों ने 1855 के संथाल हूल आंदोलन में सिदो, कान्हू, चांद और भैरव के साथ अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। 'जनजातीय गौरव दिवस हमें इन सभी महान नायकों के बलिदान से सीखने और उनके पदचिह्नों पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), दिलीप जायसवाल, अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) कोल जनजातीय विकास प्राधिकरण रामलाल रौतेल, भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, जनपद अध्यक्ष मिथिलेश प्रमोद मरावी, कार्य परिषद सदस्य मोरध्वज पैकरा, कुलपति प्रो. ब्योमकेश त्रिपाठी, प्रो. तरुण ठाकुर, राजेन्द्र तिवारी, जिला संघ चालक, लवकेश जायसवाल, बबलू अग्रवाल, विभाग प्रचारक कमल राठौड़, जिला प्रचारक दीपक एवं महाकौशल जनजाति कार्य प्रमुख रविकांत आदि की उपस्थिति रही।

### जनजातीय संस्कृति का इतिहास गौरवपूर्ण रहा

उन्होंने कहा कि जनजातीय संस्कृति और परंपरा का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है। जनजातीय समाज दहेज प्रथा, सती प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों से सदैव मुक्त रहा है। उन्होंने कहा कि 'जनजातीय समाज आज भी वैदिक जीवन मूल्यों पर आधारित है। जहां भाषा, जाति और क्षेत्र के भेदभाव का कोई स्थान नहीं। यह समाज सबका सम्मान करने और अनुशासन में जीवन जीने का आदर्श प्रस्तुत करता है।'